# न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
# अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा

प्रकरण संख्या 38/2024 खाद्य सुरक्षा

उनवान प्रकरण

| | | |
|---|---|---|
| सरकार जरिये प्रेमचन्द शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाडा | **बनाम** | 1. राजेश सेवक रामनानी पुत्र मनोहरलाल मैसर्स श्री श्याम जनरल स्टोर 3–च–34, बापू नगर, भीलवाडा<br>2. अशोक उपाध्याय मैसर्स सिद्धि विनायक ट्रेडर्स ए–21, कृषि उपज मण्डी, भीलवाडा |
| – प्रार्थी | | ––विपक्षी |

**जुर्म अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) एवं दण्डनीय धारा 51**

उपस्थित–

1 प्रार्थी की ओर से विभागीय पैरोकार

2 विपक्षी स्वयं उपस्थित

## आदेश

दिनांक 06.09.2024

राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना नोटिफिकेशन क्रमांक प 5(1) चिस्वा. /ग्रुप–3/2022 दिनांक 09.03.2023 एवं क्रमांक प 5(1) चिस्वा. /ग्रुप–3/2023 दिनांक 13.03.2024 के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया हैं। जिलों में कार्यरत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उनके अधीनस्थ कार्य क्षैत्र के लिये न्याय निर्णयन अधिकारी नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर ने विपक्षी के विरूद्व एक प्रकरण इस आशय का प्रस्तुत किया हैं कि विपक्षी राजेश सेवक रामनानी पुत्र मनोहरलाल मैसर्स श्री श्याम जनरल स्टोर 3–च–34, बापू नगर, भीलवाडा निरीक्षण करने पर पाया कि आम जनता को अन्य सामग्री के साथ घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट), तेल सौंफ इत्यादि का विक्रय कर रहा था। राजेश सेवक रामनानी पुत्र मनोहरलाल मैसर्स श्री श्याम जनरल स्टोर 3–च–34, बापू नगर, भीलवाडा का निरीक्षण करने पर पाया गया कि खाद्य कारोबारकर्ता की दुकान का निरीक्षण करने पर पाया कि आम जनता को विक्रय हेतु अन्य खाद्य सामग्री के साथ घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट) 1–1 लीटर की पैकिंग में रखे हुये थे। मिलावट का शक होने पर वास्ते जांच हेतु एफएसएसए 2006 एक्ट के तहत उल्लेखित प्रावधानों के तहत नमूना वास्ते जाँच हेतु लेने की सूचना विकता को फॉर्म 5 ए मे दी व रसीद प्राप्त की। नियमानुसार घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट) नमूना लेकर वास्ते जाँच हेतु नियमानुसार खाद्य प्रयोगशाला अजमेर को भिजवाया। बाद जाँच नमूना सबस्टैण्डर्ड होना पाया गया। न्याय निर्णयन आवेदन पेश करने हेतु प्राधिकृत

अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी भीलवाडा के पत्र द्वारा प्रार्थी को न्याय निर्णयन अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्राधिकृतं किया। इस आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इस न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी से प्रकरण प्राप्त होने पर दिनांक 30.07.2024 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी को विधिवत नोटिस जारी कर अपना पक्ष 06.08.2024 को कार्यालय हाजा में स्वंय या उनके प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया। मामले में आज विभागीय पैरोकार उपस्थित। विपक्षी स्वयं उपस्थित हैं।

विभागीय पैरोकार ने अपनी बहस में बताया कि विपक्षी का खाद्य नमूना घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट) सबस्टैण्डर्ड होना पाया गया है। प्राप्त जाँच रिपोर्ट के अनुसार लिये गये खाद्य नमूने घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट) में Foreign Fat Present (Fatty acid profile of sample does not match with the Fatty Acid profile of ghee पाया गया जबकि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत यह Foreign Fat Absent होना चाहिए था। इसलिए लिया गया खाद्य नमूना सबस्टैण्डर्ड होना पाया गया एवं विपक्षी द्वारा सबस्टैण्डर्ड खाद्य पदार्थ का विक्रय कर एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) का उल्लंघन किया है। जिसका जुर्माना एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 51 में निर्धारित है। प्रार्थी की ओर से न्याय निर्णयन आवेदन पत्र विपक्षी के विरूद्ध जुर्माना आरोपित करते हुये आवेदन पत्र का निर्णय कराने की प्रार्थना की है। खाद्य प्रयोगशाला अजमेर से प्राप्त जाँच रिपोर्ट को अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भीलवाडा द्वारा नमूना लिये जाने वाली फर्म को रजिस्टर्ड पत्र मय जाँच रिपोर्ट प्रेषित करते हुये पत्र प्राप्ति के 30 दिवस के समय देते हुये नोटिस दिया गया, किन्तु नमूना लिये जाने वाली फर्म द्वारा जाँच रिपोर्ट के खण्डन में किसी भी प्रकार की अपील हेतु आवेदन नहीं किया गया जिससे प्रतीत होता है कि विपक्षी जाँच रिपोर्ट से संतुष्ट है।

विपक्षी ने अपनी बहस में बताया विपक्षी किसी प्रकार की मिलावट नहीं करता हैं विपक्षी ने जानबूझकर कोई गलती नही की हैं। विपक्षी की गलती को माफ किया जाये। निवेदन हैं कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र में कार्यवाही ड्रोप की जावे।

बहस पर मनन किया गया। पत्रावली एवं दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। **खाद्य प्रयोगशाला अजमेर से जाँच रिर्पोट सं. एलएस/1884/एक्ट/2023/17 दिनांक 05.01.2024 के अनुसार विक्रेता से वास्ते जाँच हेतु लिया गया खाद्य नमूना, घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट) निर्धारित मानक कोटि का नही होने के कारण सबस्टैण्डर्ड होना पाया गया। प्राप्त जाँच रिपोर्ट के अनुसार लिये गये खाद्य नमूने घी (ब्राण्ड डेयरी टेस्ट) में Foreign Fat Present (Fatty acid profile of sample does not match with the Fatty Acid profile of ghee पाया गया जबकि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत यह Foreign Fat Absent होना चाहिए था। इसलिए लिया गया खाद्य नमूना सबस्टैण्डर्ड होना पाया गया एवं विपक्षी द्वारा सबस्टैण्डर्ड खाद्य पदार्थ का विक्रय कर एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) का उल्लंघन किया है। जिसका जुर्माना एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 51 में निर्धारित है।**

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि विपक्षीगण सबस्टैण्डर्ड घी (ब्राण्ड

न्यायालय अति. जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)